दिन– सोमवार

दिनांक– 18 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के मुद्दें पर विपक्षी सदस्यों ने संसद के दोनों सदनों में किया जोरदार हंगामा। कई बार कार्यवाही स्थगित हुई।
02. एनडीए नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा को भ्रम फैलाओं यात्रा बताया। वोट चोरी के बयान पर माफी की मांग की।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाईस अगस्त को गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान प्रदेश की कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।
04. और, गंगा, गंडक, कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी से पटना, मुंगेर और खगड़िया के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की स्थिति में सुधार।

---

बिहार में एसआईआर समेत विभिन्न मुद्दों के लेकर विपक्षी सदस्यों के जोरदार हंगामें और नारेबाजी के कारण आज संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हो गई। लोकसभा में विपक्षी दलों ने कार्यवाही शुरू होते ही मतदाता पुनरीक्षण समेम कई मुद्दों पर जोरदार हंगामा किया। इस दौरान सदन के भीतर अव्यवस्था की स्थिति को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

–––बाइट–––

मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं चेतावनी दे रहा हूं किसी भी मान्य सदस्य को यह प्रिविलेज नहीं है सरकारी संपत्ति को तोड़ने का प्रयास करें। अगर आपने सरकारी संपत्ति को तोड़ने का प्रयास किया तो मुझे कुछ निर्णायक फैसले करने पड़ेंगे और देश की जनता आपको देखेगी कई विधानसभाओं के अंदर इस तरह की घटना पर मान्य सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

इधर, राज्यसभा में भी आज की कार्यवाही हंगामें की भेंट चढ़ गई। दिन की शुरूआत में उपसभापति हरिवंश ने कई स्थगन प्रस्ताव को खारिज कर दिया। जिसके बाद विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके मद्देनजर सदन की कार्यवाही बार–बार स्थगित करनी पड़ी।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपनी मतदाता अधिकार यात्रा के दूसरे दिन आज गयाजी पहुंचे। इससे पहले मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान उन्होंने औरंगाबाद में रोड शो किया। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर योग्य मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची से जानबूझ कर हटाने का आरोप लगाया है। यात्रा में राजद नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सहित इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता भी भाग ले रहे हैं। सोलह दिनों तक चलने वाली यह यात्रा राज्य के बाईस ज़िलों से होकर गुज़रेगी और पहली सितंबर को पटना के गांधी मैदान में समाप्त होगी।

---

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा की एनडीए नेताओं ने आलोचना की है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा है कि राहुल गांधी संवैधानिक संस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। श्री पात्रा ने कहा कि उन्हें अतिशीघ्र माफी मांगनी चाहिए।

———बाइट———

इधर, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा को बिहार बदनाम करने की नई साजिश बताया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री राय ने कहा कि राजद और कांग्रेस मिल कर राज्य की छवीं को धूमिल करने का प्रयास कर रही है।

लोजपा रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राहुल गांधी के बयान को गैर–जिम्मेदाराना बताया। श्री पासवान ने कहा कि नेता विरोधी दल झूठ फैला रहे है।

———बाइट———

इधर, एनडीए के प्रमुख घटक दल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप को असंवैधानिक बताया।

———बाइट———

रालोमों प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपो की  कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह सच्चाई से भाग रहे हैं।

———बाइट———

---

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी नेताओं के आरोप निराधार हैं। श्री कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने आरोपों के समर्थन में हलफनामा देने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर वे हलफनामा दें या सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे।

———बाइट———

इधर, चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के अनुपालन के क्रम में राज्य में प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से बाहर किए गए पैंसठ लाख से अधिक मतदाताओं की पूरी जानकारी वाली सूची जारी कर दी है। इस सूची को भी राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सीईओ की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

---

चुनाव आयोग ने कहा है कि एक अगस्त को जारी मतदाता सूची पर अठारह दिनों बाद भी किसी राजनीतिक दल ने दावा आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। चुनाव आयोग ने आज जारी ताजा बुलेटिन में कहा कि राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावा आपत्ति के लिए अब केवल चौदह दिन बचे है। आयोग ने यह भी बताया कि इन अठारह दिनों में पैंतालीस हजार छह सौ सोलह निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से एक हजार तीन सौ अड़तालीस मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के एक

लाख बावन हजार से अधिक नये मतदाताओं ने अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है।

---

आरेजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने नई पार्टी जनशक्ति जनता दल बनाई है। चुनाव आयोग ने इस पार्टी को मान्यता दे दी है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाईस अगस्त को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान श्री मोदी गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान राज्य की कई विकास योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी बेगूसराय के सिमरिया मे नवनिर्मित सिक्स लेन पुल का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही रेलवे से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री गया जंक्शन से नई दिल्ली के लिए अमृत भारत एक्प्रेस ट्रेन और कोडरमा से वैशाली के बीच मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इधर, केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने आज गयाजी में और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेगूसराय में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

---

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। श्री राधाकृष्णन बीस अगस्त को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद इसकी घोषणा की।

———बाइट———

सभी के साथ चर्चा हुई, सुझाव मांगे गए और उसके बाद फिर यह तय हुआ कि हमारे उपराष्ट्रपति के प्रत्याशी के रूप में हमारे महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री सीपी राधाकृष्णन जी, चंद्रपुरम पुनसामी राधा कृष्ण जी उनको हम एनडीए का प्रत्याशी बनाएंगे।

इधर, एनडीए के प्रमुख घटक दलों ने सी.पी. राधाकृष्णन को उम्मीदवार नामित करने का स्वागत किया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने

एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि चुनाव में उनकी पार्टी श्री राधाकृष्णन का समर्थन करेगी। श्री कुमार  ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं भी दी। लोजपा रामविलास और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने भी श्री राधाकृष्णन की उम्मीदवारी के समर्थन की घोषणा की।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में मानसून की सक्रियता धीमी पड़ जाने से बारिश में कमी दर्ज की गई है। हालांकि राज्य के दक्षिण—पश्चिम भागों में मानसून सिस्टम एक बार फिर मजबूत हो रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद के कुटुंबा में सबसे अधिक अस्सी दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज गोपालगंज, पूर्वी तथा पश्चिमी चंपारण, अररिया समेत अन्य जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने की आशंका है।

---

राज्य के विभिन्न भागों में बारिश में कमी से गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी दर्ज की गई हैं। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकतर स्थानों पर नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे दर्ज किया गया है।

---

खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों से पानी निकलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

———बाइट———

नदियों के जलस्तर में कमी आने से परबत्ता, गोगरी, मानसी और खगड़िया प्रखंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों से पानी निकलने का सिलसिला जारी है। हालांकि अभी स्थिति सामान्य होने में वक्त लगेगा। जिन इलाकों से पानी निकलने लगे हैं, उन इलाकों के गड्ढे में जमे पानी से फैल रही दुर्गंध के मद्देनजर स्थानीय लोग ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की मांग कर रहें हैं। हालात सुधरने के मद्देनजर बाढ़ प्रभावित इलाकों के स्कूलों में 20 अगस्त तक स्थगित कर दिए गए पठन—पाठन फिर से शुरू होने की उम्मीद जगी है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

---

गंगा नदी के जलस्तर में कमी के बाद मुंगेर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात धीरे–धीरे सुधर रहे हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाइट–––

जिले में गंगा नदी में उफान के कारण प्रभावित अड़तीस पंचायत के 226 गांवों में अब हालात तेजी से बेहतर हो रहे है। इन इलाकों में बाढ़ का पानी निकल चुका है। लोग आश्रय स्थलों को छोड़कर अब गांव की ओर लौट रहे हैं। 46 स्थानों पर सामुदायिक रसोई को बंद कर दिया गया है। हालांकि सदर प्रखंड के गंगा पार क्षेत्र जाफर नगर पंचायत में पीड़ित अभी भी शरण स्थल पर बने हुए है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में महामारी ना फैले इसके लिए ब्लीचिंग पाउडर और चुना का छिड़काव किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

---

राज्य में शिक्षक भर्ती परीक्षा के आयोजन से पहले एसटीईटी परीक्षा आयोजित किए जाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने आज पटना में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान डाकबंगला चौराहे पर जमा प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया।

---

शेखपुरा जिले के घाटकुशुंभा प्रखंड अंतर्गत गंगौर गांव में बाढ़ के पानी में डूबने से एक महिला की मौत हो गई।

---

सारण जिले के मढ़ौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तकीना गांव में वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई।

---

अररिया जिले के बाउंसी थाना क्षेत्र के फरकिया गांव में पोखर मे स्नान के दौरान डूबने से एक किशोर की मौत हो गई।

---

मुंगेर जिले में प्रसिद्ध लोक पर्व मनसा विषहरी पूजा उल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है।

---

01. राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के मुद्दें पर विपक्षी सदस्यों ने संसद के दोनों सदनों में किया जोरदार हंगामा। कई बार कार्यवाही स्थगित हुई।
02. एनडीए नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा को भ्रम फैलाओं यात्रा बताया। वोट चोरी के बयान पर माफी की मांग की।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाईस अगस्त को गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान प्रदेश की कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।
04. और, गंगा, गंडक, कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी से पटना, मुंगेर और खगड़िया के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ की स्थिति में सुधार।

---

समाप्त